## खबर संक्षेप

### बिहार में फिर से आ रही एनडीए की सरकार



**चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से साफ है कि उन्होंने यह स्वीकार कर लिया है कि बिहार में एनडीए की सरकार बन रही है। मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह हमारा आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि एनडीए सरकार बनने पर नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। विज ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब तेजस्वी यादव को घर जाकर इस पर विचार करना चाहिए।

### बेअंत सिंह हत्या मामले में गवाह ने मांगी सुरक्षा

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बेअंत सिंह की हत्या के मामले के प्रमुख गवाह बलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू ने चंडीगढ़ पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर पहले से दी गई पूरी सुरक्षा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अब भी आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों से जान का खतरा बना हुआ है, इसलिए उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढील देना गंभीर परिणाम ला सकता है। बलविंदर सिंह बिट्टू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वे वर्तमान में चंडीगढ़ के सरकारी आवास में रह रहे हैं और उनके खिलाफ खतरे को पंजाब तथा चंडीगढ़ पुलिस के अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट भी कई बार मान्यता दे चुका है।

### मारपीट के आरोप में नौ गिरफ्तार, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया के गांव जाटौला गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम प्लॉट में बैठे युवक के साथ कई युवकों ने मारपीट की। पीड़ित युवक ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपी युवकों द्वारा जातिसूचक शब्द बोलने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और नौ एक नाबालिग सहित नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें से आठ आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर बच्ची से छेड़छाड़, आरोपी काबू




**गन्नौर।** बड़ी थाना क्षेत्र में एक गांव में पड़ोसी ने बाथरूम में घुस कर 12 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर दी। बच्ची की मां ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से गांव में किराये के मकान पर रह रही है। शुक्रवार सुबह उसकी 12 वर्षीय बेटी ने उसे रोते हुए बताया कि जब वह बाथरूम में गई, तो पड़ोसी सुजीत अंदर घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब बच्ची ने शोर मचाया तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

---

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीदी दिवस की तैयारियों को लेकर ली बैठक

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर 1 से 25 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम

## 25 को कुरुक्षेत्र में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को पूरे प्रदेश में गरिमापूर्ण तरीके के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 1 से 25 नवंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सभी उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गुरु तेग बहादुर के जीवन, त्याग और शिक्षाओं से प्रेरणा प्राप्त करने हेतु आयोजित सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक स्कूली विद्यार्थियों और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 1 नवंबर को पंचकूला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 3 नवंबर को विद्यालयों में गुरु तेग बहादुर के जीवन और शिक्षाओं पर हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और संस्कृत में निबंध प्रतियोगिता आयोजित होंगी, जिसमें 3.5 लाख से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे।



- एक नवंबर को पंचकूला में रक्तदान शिविर लगेगा
- तीन को गुरुजी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 3.50 लाख बच्चे लेंगे हिस्सा
- आठ को सिरसा के रोड़ी में विशेष यात्रा निकलेगी
- 9 नवंबर को करनाल में ‘हिंद दी चादर’ थीम पर मैराथन

### कालेसर में गुरुजी के नाम पर एक उद्यान का शिलान्यास होगा

बैठक में बताया गया कि 8 नवंबर को रोडी से गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित विशेष यात्रा निकली जाएगी। इसी दिन चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में गुरु तेग बहादुर , भाई सतीदास, भाई मतिदास , भाई दयाला और भाई जैता के जीवन पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा।बैठक में बताया गया कि 9 नवंबर को करनाल में हिंद दी चादर थीम पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। 11 नवंबर को पिंजौर के मारूवाला से एक और यात्रा प्रारंभ होगी। 14 नवंबर को फरीदाबाद से भी यात्रा प्रारंभ होगी और इसके बाद सोनीपत जिले के गांव बड़खालसा में दादा कुशल सिंह दाहिया के जीवन को समर्पित कार्यक्रम आयोजित होगा। 18 को मुख्यमंत्री द्वारा कालेसर में गुरु तेग बहादुर के नाम पर एक उद्यान का शिलान्यास भी किया जायगा।

### 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सर्व-धर्म सम्मेलन होगा

उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित होगा। 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यक्रमों में प्रबुद्धजनों, गांवों के सरपंचों, संतों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### सरदार@150 यूनिटी मार्च’ में पदयात्राएं निकाली जाएगी

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित दो माह राष्ट्रव्यापी पहल ‘सरदार @150 यूनिटी मार्च ’ की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस अभियान के अंतर्गत 31 अक्तूबर 2025 को ‘राष्ट्रीय एकता दिवस’ पर पूरे हरियाणा में जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय पदयात्रा सरदार@150 यूनिटी मार्च’ आयोजित होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों से पहले जिले, वार्ड और गांव स्तर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए।

---

### उद्योग मंत्री राव नरबीर ने कहा- हरियाणा बनेगा औद्योगिक विकास की धुरी

# 10 नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप स्थापित होंगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश उद्योगों के बिना विकसित नहीं बन सकता। कृषि प्रधान हरियाणा को औद्योगिक विकास की नई पहचान देने के लिए राज्य सरकार ने आने वाले पांच वर्षों की विस्तृत औद्योगिक रूपरेखा तैयार की है, जिसके तहत 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। इनमें से दो गुरुग्राम के आसपास स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही, अप्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वभर के निवेशकों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।उद्योग मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम अब ग्लोबल सिटी का रूप ले चुका है, जहां लघु भारत ही नहीं बल्कि लघु विश्व की झलक दिखाई देती है। हमारा उद्देश्य है कि यह शहर औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श उदाहरण बने। इसके लिए हरित गुरुग्राम अभियान के तहत बड़ी औद्योगिक कंपनियों से सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा।

### हाइटेक नर्सरियों से सजेंगे गुरुग्राम और सोहना



राव नरबीर ने कहा कि वन विभाग ने गुरुग्राम और सोहना की सभी नर्सरियों को आदर्श हाइटेक नर्सरी के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की है। इनमें ऐसे पौधे तैयार किए जाएंगे जिन्हें एक-दो वर्ष बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में रोपा जा सके। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत की आधुनिक नर्सरियों का अध्ययन कर हरियाणा में वैसी ही मॉडर्न नर्सरियों को विकसित किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को और अधिक सक्रियता से लागू किया जाए ताकि नए उद्यमों को ऋण के रूप में वित्तीय सहायता मिल सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 761 से अधिक मामलों को मंजूरी दी गई है और बैंकों के माध्यम से अब तक कुल लगभग 5064.40 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है।

---

## हरियाणा में विकास नहीं, जंगलराज : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि सरकार भने ही विकास राज की बात कर रही है पर हकीकत से है प्रदेश में जंगलराज है। सरकार की अधिकारी नहीं सुन रहे है, अधिकारी जनता की नहीं सुन रहे है। अपराधियों को खाकी का कोई डर नहीं है, प्रदेश में रोजाना हत्याएं, लूट, डकैती, अपहरण, बलात्कार जैसे वारदातें सरेआम हो रही है। सारे अपराधों की जड़ नशे का धंधा भी फल फूल रहा है।

### अपराध तेजी से बढ़ रहे

सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में सरकार चल नहीं रही, बल्कि सोई हुई है। केंद्र सरकार की सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स (एसपीआई) रिपोर्ट में हरियाणा देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में शामिल है। प्रदेश में अपराध बड़ी तेजी के साथ बढ़ते जा रहे हैं और अपराधी बेखौफ हैं। सैलजा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार का ध्यान अपराध रोकने पर नहीं है और पुलिस पर सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया, जिस कारण अपराधी निरंकुश हो चुके हैं। जब जनता शोर मचाती है तो मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक दावा करते है कि अपराध नियंत्रण में है अगर कोई कानून तोड़ेगा तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

## एमपीएचडब्ल्यू के बहिष्कार से स्वास्थ्य पोर्टल ठप

**चंडीगढ़।** प्रदेश के तमाम एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों ने सरकार को दिए पूर्व नोटिस अनुसार 25 अक्टूबर से ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला, महासचिव सहदेव आर्य एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय किए बगैर सारा ऑनलाइन कार्य एम पी एच डब्ल्यू वर्ग के कंधों पर डाल दिया गया था उस विषय पर सरकार से बार बार पत्राचार किया गया लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया जिसके चलते एसोसिएशन ने सरकार को सूचना देते हुए ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों के बहिष्कार का ऐलान किया था।

### जरूरी संसाधन देने की मांग

ऐलान के बाद अनमोल पोर्टल, एनसीडी, यूवीन, आशा पे एप, ,आभा कार्ड, निकशय पोर्टल,डिजिज सर्विलांस,एनीमिया मुक्त भारत,सुरक्षित नारी सुरक्षित परिवार पोर्टल सहित तमाम ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टल पर कार्य रोक दिया गया है। एसोसिएशन के राज्य महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि जब तक सरकार द्वारा पहले नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाती, अतिरिक्त कार्य के लिए मानव संसाधन ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की जाती व जरूरी संसाधन लैपटॉप ,टैबलेट व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जाती प्रदेश भर में ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा ।

## गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री सैनी का आभार जताया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हाल ही में गन्ने के रेट में बढ़ोतरी किए जाने के फैसले को लेकर किसानों में अपार हर्ष का माहौल है। विशेष रूप से गन्ना बाहुल्य जिलों के किसानों और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने इसे मुख्यमंत्री की ओर से किसानों को दिवाली का तोहफा बताया है। किसानों और किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन मुख्यमंत्री निवास, संत कबीर कुटीर, पर पहुंचकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जा रहा है। किसान मुख्यमंत्री को गन्ने की पुली भेंट कर अपनी खुशी और कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जो स्वयं कृषक पृष्ठ भूमि से हैं और हमेशा किसानों के हितों के लिए तत्पर रहते हैं।

---

सुरजेवाला का सरकार पर तंज

## सरकार ने प्रदेश को गैंगस्टरों और बदमाशों के हवाले किया



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की मौजूदा भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि हरियाणा को भाजपा ने अपराधियों, माफियाओं और गैंगस्टरों के हवाले कर दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि जिस धरती ने परित्राणाय साधूनां, विनाशाय च दुष्कृताम् का संदेश पूरी सृष्टि को दिया, आज वही धरती भाजपा की नाकामी से अपराध के जाल में जकड़ी पड़ी है। सुरजेवाला ने कहा कि आज हालत यह हैं कि हरियाणा पुलिस जिसका काम जनता की सुरक्षा है, वह खुद भाजपा की इज़ ऑफ डूइंग क्राइम की लहर में बह रही है। उन्होंने कहा कि हर रोज़ अखबारों के पन्ने अपराध से रंगे हैं, गांव से लेकर शहर तक कानून का भरोसा गायब और अपराध का खौफ आम लोगों की जिंदगी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आह्वान

## कार्यकर्ता स्वदेशी अपनाएं व उसका प्रचार करें : बड़ौली



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी स्वदेशी अपनाने का संकल्प पत्र भरवा कर लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूकता का संदेश दे रही है। भाजपा की इस पहल पर लोग भी स्वदेशी अपनाने की शपथ ले रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करता है और इससे भारत की आर्थिक ताकत बढ़ती है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी 20 हजार 629 बूथों पर भाजपा के कार्यकर्ता पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनेंगे ।

## करेक्शन पोर्टल हाईकोर्ट के आदेश पर खोला गया : आयोग

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने ग्रुप-सी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) 2025 के करेक्शन पोर्टल को लेकर सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों पर फैलाए जा रहे भ्रम के संबंध में अभ्यर्थियों एवं आमजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर गलत सूचनाएं प्रसारित कर अभ्यर्थियों में भ्रम पैदा कर रहे हैं। आयोग इस संबंध में निम्नलिखित तथ्यों को स्पष्ट करता है ताकि कोई भी अभ्यर्थी भ्रम का शिकार न हो तथा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। चेयरमैन ने बताया कि सीईटी 2025 करेक्शन पोर्टल माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के अनुपालन में खोला गया है। यह पोर्टल कोर्ट केस संख्या 17581/2025 (शीतल एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य)में पारित अंतरिम आदेश के तहत ही संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह करेक्शन पोर्टल केवल अनुसूचित जाति , अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन अभ्यर्थियों के लिए खोला गया है, जिन्होंने वैध प्रमाण-पत्र के अभाव में अपना आवेदन सामान्य श्रेणी में कर दिया था।

---

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर चार्जशीट को लेकर सियासत तेज

# सीएलयू मामला: कांग्रेस नेताओं का आरोप- 15 साल तक चार्जशीट दाखिल नहीं हुई, 15 दिन में कैसे हो गई

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ 12 साल पुराने मामले में चार्जशीट दायर कर दिए जाने के बाद से प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेसी नेताओं ने इसे बदले की भावना और एक षड्यंत्र बताते हुए सवाल किए हैं।उनका आरोप है कि जांच एजेंसी 12 साल तक कहां पर थी, पीसीसी चीफ बनते ही सीएलयू मामले में चार्जशीट सवाल खड़े करती है। नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता सभी ने एक सुर में इसकी निंदा की है। गोगी ने 15 साल तक तो कोई चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है, अब 15 दिन में कैसे हो गई? ये किसके इशारे पर हुई और इसके पीछे कौन से ताकत है। इसी तरह से गुप्ता ने भाजपा की इस तरह की कार्यप्रणाली को जगजाहिर कहा है, साथ ही कहा कि वे कांग्रेस को मजबूत होते देख डरे हुए हैं।

## नेता प्रतिपक्ष बोले- पूरे मामले में कुछ नहीं

नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी कहा कि पूरा मामले में कुछ भी नहीं है, हमारा न्यायपालिका में पूर्ण विश्वास है लेकिन यह सारा कुछ घबराहट में किया जा रहा है। पूर्व मंत्री और अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र की साफ सुथरी छवि को बिगाड़ने के लिए कुछ भाजपा नेता साजिश रच रहे हैं। सुरजेवाला ने भी सवाल उठाए और कहा है कि 12 साल बाद में इस तरह से एक ही व्यक्ति को टार्गेट करना सारा कुछ साफ कर देता है।यहां पर बता दें कि कांग्रेस नए अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ 12 साल पुराने भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल करने के मामले में सियासत तेज हो गई है। चेंज ऑफ लैंड यूज सर्टिफिकेट के बदले रिश्वत मांगने के आरोप सीडी में हैं। पूरा का पूरा मामला 2013 के एक स्टिंग ऑपरेशन से जुड़ा है।

### बदले की राजनीति : राव नरेंद्र

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र का कहना है कि भाजपा बदले की राजनीति करने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मामले में स्पष्ट किया है कि उनके प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद जानबूझकर फाइलें निकाली जा रही हैं और वह न्यायालय का ट्रायल फेस करने को तैयार हैं। हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (पूर्व में विजिलेंस ब्यूरो) ने 12 साल पुराने भ्रष्टाचार के मामले में राज्य कांग्रेस नए अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ नूंह कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। राव नरेंद्र सिंह के पदभार संभालने के एक माह से भी कम समय में हुई है। आरोप है कि उन्होंने चेंज ऑफ लैंड यूज मंजूरी के बदले रिश्वत मांगी थी। मामले की सुनवाई 10 नवंबर को होगी।



## खबर संक्षेप



सिवानी। नेशनल हाइवे पर कार में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

### कार में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान

**सिवानी।** नेशनल हाईवे-52 पर शनिवार दोपहर को एक चलती कार में आग लग गई। कार चालक ने कार से कूदकर जान बचाई। हालांकि इस दौरान युवक कई जगहों से झुलस गया। झुलसे कार चालक गांव पनिहार निवासी घनश्याम को उपचार के लिए सिवानी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसके परिजनों उसे हिसार के निजी अस्पताल में ले गए।

### गुजवि ने किए परीक्षा परिणाम घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई/जून 2025 में आयोजित एमएससी कंप्यूटर साइंस कोर्स कोड-272 द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी कोर्स कोड-092 द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमएससी जियोग्राफी कोर्स कोड-246 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 व 2023, बीएससी नॉन-मेडिकल कोर्स कोड-230 द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### बेटे की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार


**फरीदाबाद।** सौतेले बाप द्वारा बेटे का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस चौकी अग्रसेन चौक ने हत्यारोपी बाप को गिरफ्तार कर लिया है। बल्लभगढ़ वासी एक महिला ने पुलिस चौकी अग्रसैन चौक में दी अपनी शिकायत में बताया कि प्रशांत नाम के व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया था।

# जस्टिस सूर्यकांत के गांव में चल रही एक और दिवाली मनाने की तैयारी

## प्रदेश का पहला व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट में बनेगा चीफ जस्टिस, गांव के युवाओं और बुजुर्गों में जोश का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव पेटवाड़ में जन्मे जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के आगामी 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होने पर यह पद संभालेंगे और 9 फरवरी 2027 तक इस पद पर रहेंगे। प्रदेश को ऐसा मान पहली बार मिलने वाला है। प्रदेश के वह पहले चीफ जस्टिस होंगे। इसको लेकर पूरे गांव में खुशी की लहर है। दिवाली के बाद एक और दिवाली इस गांव में देखने को मिलेगी। हर साल गांव में पहुंचकर युवाओं में ऊर्जा भरने का काम करते हैं।



नारनौंद। गांव में अपने बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत के साथ जस्टिस सूर्यकांत। फोटो : हरिभूमि

### दीपावली पर जस्टिस सूर्यकांत पैतृक गांव पेटवाड़ में बचपन की सभी यादें ताजा कर गए



दीपावली से एक दिन पहले ही जस्टिस सूर्यकांत अपने पैतृक गांव पेटवाड़ में बचपन की सभी यादें ताजा करके गए है। वह अपने पैतृक घर में भी पहुंचे जिसमें उनका बचपन गुजरा था। उनका जन्म भी इसी घर में हुआ था। जिस स्कूल में उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी उस स्कूल में भी जाकर काफी पल बिताए जिस कमरे में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते थे उस उसे कमरे को काफी देर देखा। गांव के सरपंच सतबीर सिंह ने बताया कि वो जब भी गांव में पहुंचते हैं तो ग्रामीणों से बड़ी खुले मन से बातचीत करते हैं। और युवाओं को प्रेरणाधिकार जाती है कि वह बुराइयों से दूर रहकर गांव का नाम रोशन करने का काम करें।

### चीफ जस्टिस बनने पर पूरे प्रदेश का नाम रोशन होगा: भाई

जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत ने बताया कि उनके चीफ जस्टिस बनने पर पूरे प्रदेश का नाम रोशन होगा। उन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते पर यह पद हासिल किया है वह शुरू से ही पढ़ाई लिखाई करने में होशियार थे। जो भी गांव में आते हैं तो सभी ग्रामीणों से मिलकर हाल-चाल पूछते है। गांव के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लेकर जाना है इसी को लेकर गांव के प्रतिभावान छात्रों को पुष्कृत किया जाता हैं। जस्टिस सूर्यकांत के पिता मदन लाल शास्त्री अध्यापक होते थे। इसके साथ-साथ उन्होंने 14 पुस्तक लिखी जिनमें हरियाणवी भाषा में रामायण लिखी।

### जस्टिस सूर्यकांत 10 फ़रवरी 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में पैदा हुए

जस्टिस सूर्यकांत 10 फ़रवरी 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में पैदा हुए। उन्होंने गांव के प्राइमरी स्कूल में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद हाई स्कूल में दसवीं कक्षा भी गांव के ही सरकारी स्कूल में पास की। वर्ष 1981 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1984 में हिसार ज़िला न्यायालय में वकालत शुरू की। 7 जुलाई 2000 को हरियाणा के सबसे युवा महाधिवक्ता नियुक्त होने का गौरव प्राप्त किया। मार्च 2001 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया। 09 जनवरी 2004 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने। 5 अक्टूबर 2018 से 23 मई 2019 तक हिमाचल के मुख्य न्यायाधीश पद पर रहे। 24 मई, 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए।

## लापरवाही : एक अप्रैल 2024 से 22 जुलाई 2025 तक 843.36 करोड़ रुपये टोल टैक्स वसूला

# प्रदेश की शान कहे जाने वाला केएमपी अब दे रहा हिचकोले

### दिल्ली-एनसीआर का ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए हुआ था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

औद्योगिक और लॉजिस्टिक विकास की धुरी माने जाने वाला 135.6 किलोमीटर लंबा कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे बदहाली का शिकार है। सवा साल में 800 करोड़ रुपये से अधिक टोल वसूली बावजूद एक्सप्रेस-वे पर गड्ढे ही गड्ढे हैं।

वाहन चालकों के लिए यह खतरे का रास्ता बन चुका है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। दरअसल, शहर के निवासी सतपाल हाड़ा ने आरटीआई के माध्यम से एचएसआईआईडीसी से केएमपी के संबंध में जानकारी मांगी थी। हाल ही में एचएसआईआईडीसी द्वारा टोल वसूली, मरम्मत खर्च आदि की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।





बहादुरगढ़। क्षेत्र से गुजर रहा कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे। फोटो : हरिभूमि

### सड़क परिवहन मंत्री गडकरी को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग



सतपाल हाड़ा

प्रदीप, मयंक व सचिन आदि का कहना है कि करोड़ों रुपये टोल वसूलने के बाद भी वाहन चालकों को सुरक्षित सड़क सुविधा नहीं मिल रही। यह एक्सप्रेस वे हादसों का रास्ता बन गया है। झज्जर, बहादुरगढ़ इलाके की ही बात करें तो सबसे ज्यादा हादसे इसी मार्ग पर होते हैं। आए दिन वाहन पलटे रहते हैं। सतपाल हाड़ा ने कहा कि एक्सप्रेसवे की खराब हालत को देखते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### केएमपी एक्सप्रेस वे के निर्माण का 2016 में पहला चरण और 2019 में दूसरा चरण पूरा हुआ था

जानकारी के मुताबिक, केएमपी एक्सप्रेस वे का निर्माण दो चरणों में पूरा हुआ था। पहले चरण में मानेसर-पलवल सेक्शन वर्ष 2016 में पूरा हुआ और दूसरे चरण में कुंडली-मानेसर सेक्शन वर्ष 2018-19 में पूरा किया गया। इस एक्सप्रेस वे से उम्मीद थी कि यह दिल्ली-एनसीआर के ट्रैफिक का दबाव कम करेगा। औद्योगिक क्षेत्रों को निर्बाध परिवहन सुविधा देगा, लेकिन निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही सड़क की परतें उखड़ने लगीं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए।

### लंबे समय से छोटे-बड़े गड्ढों की मरम्मत नहीं

एक अप्रैल 2024 से 22 जुलाई 2025 तक एक्सप्रेस वे पर कुल 843.36 करोड़ रुपये टोल टैक्स के रूप में वसूले गए हैं। जबकि वर्ष 2016 से लेकर 22 जुलाई 2025 तक मानेसर-पलवल सेक्शन की मरम्मत और रखरखाव पर मात्र 39.75 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं। कुंडली-मानेसर सेक्शन का रखरखाव कांसेसनेयर के जिम्मे है, लेकिन इस हिस्से पर कितना खर्च हुआ इसका ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। लंबे समय से इस मार्ग पर छोटे-बड़े गड्ढों की मरम्मत नहीं हुई है। यदि होती भी है तो खानापूर्ति कर दी जाती है। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

**31 अगस्त 2021 को विजिलेंस ने पकड़ा था**

# रिश्वत मांगने के दोषी जेई को 4 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के एक मामले में सुनवाई करते हुए पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को दोषी करार दिया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने जेई को चार साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। पटेल नगर निवासी के समीद खान ने तत्कालीन डीएसपी विजिलेंस नरसिंह अहलावत को शिकायत दी थी कि उनका परिचित नवीन कुमार ठेकेदार है। उनकी कंस्ट्रक्शन फर्म है। उन्होंने अप्रैल, 2021 में गांव बख्तावरपुर के कब्रिस्तान की मरम्मत का ठेका लिया था। यह ठेका 4.47 लाख रुपये का था। पंचायत राज विभाग के तत्कालीन जेई राहुल ने कहा था कि यह ठेका उसने अधिकारियों से मिलकर दिलवाया है। पिछले दिनों लेबर खर्च के रुपयों में से राहुल ने 65 हजार रुपये काट लिए थे। अब निर्माण सामग्री के बिल पास करने के बदले वह 30 हजार रुपये और मांग रहा था। जिस पर 31 अगस्त, 2021 को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

### फतेहाबाद: दोहरे हत्याकांड में 5 हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

**फतेहाबाद।** दोहरे हत्याकांड के मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरूण सिंगल की अदालत ने 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आजाद सिंह, कुलदीप सिंह, विक्रम, अनमोल उर्फ काकू व अन्नू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में उप जिला न्यायवादी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने पैरवी की। 12 अक्टूबर 2018 को आईपीसी की धारा 120-बी, 177, 201, 203, 302, 323, 34, 364 व एक्साईज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।



